Date 30/03/14
Page
bilt 10 on 10 Student Notebooks

n/amarujalanews amarujala.com/channels/downloads/
दिल्ली-एनसीआर
www.amarujala.com

अमर उजाला

राजधानी ● वर्ष 11 अंक 352 पृष्ठ : 16 मूल्य :
ियाणा | दिल्ली | चंडीगढ़ | पंजाब | उत्तर प्रदेश | उत्तराखंड | हिमाचल | जम्मू-कश्मीर

CHOPRA D.A.V. PUBLIC SCH

अर्थ आवर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

नोएडा (ब्यूरो)। सेक्टर-56 स्थित सरला चोपड़ा डीएवी स्कूल में अर्थ आवर दिवस पर पोस्टर मैकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें आठवीं और नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई। सुबह 8.30 से 9.30 बजे तक स्कूल में बिजली के सभी उपकरण बंद रखे गए। इसके बाद छात्रों ने ऊर्जा संरक्षण के लिए इश्तिहार बनाए। यह समीप के स्कूलों में बांटे गए। पोस्टर मैकिंग के अलावा छात्रों ने स्लोगन भी बनाए। प्रिंसिपल आईपी भाटिया व स्कूल के स्टाफ ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

Date 20/04/14
Page

www.amarujala.com
अमर उजाला

NOIDA

नई दिल्ली | 20 अप्रैल 2014

महात्मा हंसराज का जन्मोत्सव मनाया

नोएडा (ब्यूरो)। सेक्टर-56 स्थित सरला चोपड़ा डीएवी स्कूल में शनिवार को महात्मा हंसराज के जन्मोत्सव पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर छात्रों द्वारा गाये भजनों से स्कूल परिसर गूंज उठा। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा हंसराज के चित्रपट पर माल्यार्पण के साथ हुई। साथ ही उनके जीवन के प्रेरक प्रसंगों पर लघु नाटिकाओं का मंचन किया गया। इसमें दर्शाया गया कि शिक्षा प्राप्त करने के लिए उन्होंने कितनी कठिनाइयों का सामना किया। स्कूल के छात्रों ने एक से एक भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में स्कूल की प्रिंसिपल आईपी भाटिया ने छात्रों को महात्मा हंसराज के जीवन आदर्शों पर चलने के लिए प्रोत्साहित किया।